होम्योपैथी शिक्षा बोर्ड
Homoeopathy Education Board
राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग
National Commission for Homoeopathy
Jawahar Lal Nehru Bhartiya Chikitsa Avum Homoeopathy Anusandhan Bhawan 61-65, Institutional Area, Opp 'D' Block Janakpuri, New Delhi-110058
Ph.: 011-28520607 | Email id: heb-nch@gov.in | Website: www.nch.org.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**File No.: EH-33/1/2026-NCH-Part(1)**/3052-3057 **Date:** 18 MAY 2026

## CIRCULAR

All concerned aspirants of the National Teachers Eligibility Test (NTET): 2026 and other stakeholders are hereby informed that, **Hon'ble High Court of Kerala in W.P. No. 12621 of 2026 (C), at** Paragraph 6 of **its interim order dated 31.03.2026** has directed that candidates who do not possess a postgraduate qualification on the date of application shall be permitted to apply for and appear in the examination scheduled as per Ext. P8. However, their results shall be declared only after they acquire the requisite postgraduate qualification.

2. In compliance with the aforesaid order, the National Commission for Homoeopathy (NCH) directed the National Testing Agency (NTA) to extend the last date for submission of applications, accept the examination fee, and permit such aspirants to appear in the National Teachers Eligibility Test: 2026 conducted on 28th April,2026.

3. Accordingly, the National Testing Agency declared the NTET: 2026 examination result on its official website on 15th May,2026. Further, in compliance with the directions of the Hon'ble High Court of Kerala, the results of all above said candidates have been kept on hold until fulfillment of the requisite eligibility conditions.

4. Therefore, all such candidates are hereby instructed that after acquiring the postgraduate qualification, they shall submit the Statement of Marks of M.D. (Hom.) Part-I and Part-II duly certified by the Principal of the concerned college for declaration of result and issuance of eligibility certificate of the NTET: 2026, and the concerned college authorities shall forward the aforesaid documents in scanned PDF format only to **exam-nch@gov.in**. No separate query or representation in this matter shall be entertained by the Commission under any circumstances.

**This issues with the approval of the Competent Authority.**

Rajat Chattopadhyay

**(Prof. Dr. Rajat Chattopadhyay)**
**President**

**Copy for information (through email):**

1. The Director General, National Testing Agency (NTA), First Floor, NSIC-MDBP Building Okhla Industrial Estate, New Delhi – 110020, Email: dir.exams5office@nta.ac.in , dgoffice@nta.ac.in
2. The Chairperson, National Commission for Homoeopathy, New Delhi
3. The Secretary, National Commission for Homoeopathy, New Delhi
4. The Consultant , IT, National Commission for Homoeopathy, New Delhi -To upload on Website.
5. All the Principals of Homoeopathic Medical Colleges conducting MD (Hom.) Course under NCH.
6. Guard File

# होम्योपैथी शिक्षा बोर्ड
# Homoeopathy Education Board
## राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग
## National Commission for Homoeopathy
Jawahar Lal Nehru Bhartiya Chikitsa Avum Homoeopathy Anusandhan Bhawan 61-65, Institutional Area, Opp 'D' Block Janakpuri, New Delhi-110058

Ph.: 011-28520607 | Email id: heb-nch@gov.in | Website: www.nch.org.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**मिसिल सँख्या .: EH-33/1/2026-NCH-Part(1)** /3052-3057 **दिनांक:** 18 MAY 2026

## परिपत्र

राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा : 2026 के समस्त संबंधित अभ्यर्थियों एवं अन्य हितधारकों को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, केरल द्वारा W.P. No. 12621 of 2026 (C) में दिनांक 31.03.2026 को पारित अंतरिम आदेश के पैरा 6 में यह निर्देश दिया गया है कि ऐसे अभ्यर्थी, जिनके पास आवेदन की तिथि तक स्नातकोत्तर उपाधि उपलब्ध नहीं थी, उन्हें Ext. P8 के अनुसार निर्धारित परीक्षा में आवेदन करने एवं सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाए। **तथापि, उनका परिणाम केवल आवश्यक स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने के उपरांत ही घोषित किया जाएगा।**

2. उपर्युक्त आदेश के अनुपालन में, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाने, परीक्षा शुल्क स्वीकार करने तथा ऐसे अभ्यर्थियों को दिनांक 28 अप्रैल, 2026 को आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (NTET): 2026 में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

3. तदनुसार, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा : 2026 परीक्षा का परिणाम दिनांक 15 मई, 2026 को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया गया। साथ ही, माननीय उच्च न्यायालय, केरल के निर्देशों के अनुपालन में उपर्युक्त अभ्यर्थियों के परिणाम आवश्यक पात्रता शर्तों की पूर्ति होने तक स्थगित रखे गए हैं।

4. अतः सभी संबंधित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने के उपरांत वे एम.डी. (होम.) पार्ट-I एवं पार्ट-II के अंक विवरण, संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विधिवत प्रमाणित, एनटीईटी: 2026 के परिणाम एवं पात्रता प्रमाणपत्र जारी किए जाने हेतु प्रस्तुत करें तथा संबंधित महाविद्यालय प्राधिकरण उपर्युक्त दस्तावेज केवल स्कैन की गई पीडीएफ फाइल के रूप में ई-मेल **exam-nch@gov.in** पर प्रेषित करें। इस विषय में किसी भी परिस्थिति में आयोग द्वारा कोई पृथक अभ्यावेदन अथवा प्रश्न स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

रजत चट्टोपाध्याय

**(प्रो.) डॉ. रजत चट्टोपाध्याय)**

**अध्यक्ष**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ (ई-मेल के माध्यम से):**

1. श्रीमान महानिदेशक, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA), प्रथम तल, NSIC-MDBP भवन, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली - 110020. ई-मेल: dir.exams5office@nta.ac.in, dgoffice@nta.ac.in
2. श्रीमान अध्यक्ष, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली
3. श्रीमान सचिव, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली
4. परामर्शदाता (आईटी), राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली – वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अधीन एम.डी. (होम.) पाठ्यक्रम संचालित करने वाले सभी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य
6. गार्ड फाइल